JPM

# JAMUNA PRASAD MEMORIAL PG COLLEGE

Affiliated to Mahatma JyotibaPhule Rohilkhand University, Bareilly (MJPRU Code: 128)

Ref. No.: JPMC/2025-26

Date: 21/01/2026

## जेपीएम कॉलेज में उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत तीन दिवसीय आयस्टर मशरूम उत्पादन कार्यशाला का आयोजन

बरेली, 20 जनवरी 2026 – जेपीएम पीजी कॉलेज में उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत बीएससी एग्रीकल्चर एवं बीएससी बायोटेक्नोलॉजी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयस्टर मशरूम उत्पादन विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को आयस्टर मशरूम की खेती के लिए प्रेरित करना और आत्मनिर्भर बनाना था।

एमजेपी रोहिलखंड विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. केपी सिंह जी की प्रेरणा से आयोजित इस कार्यशाला में डॉ. विजय सिनहाल, एसोसिएट प्रोफेसर, प्लांट साइंस ने विद्यार्थियों को लाइव डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से मशरूम बैग तैयार करने, सावधानियां बरतने, अधिक उत्पादन के लिए देखभाल, आयस्टर मशरूम के सीड तैयार करने और कम खर्च में अधिक अर्निंग के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

संस्थान के निदेशक डॉ. मनोज काण्डपाल ने कहा, "आयस्टर मशरूम की खेती वर्तमान परिदृश्य की परम आवश्यकता है। जेपीएम के विद्यार्थी अवश्य ही लर्निंग के साथ-साथ अर्निंग कर स्वावलंबी बनेंगे और स्वरोजगार अपनाकर कई बेरोजगार लोगों को रोजगार देने की प्रक्रिया का हिस्सा बनेंगे।"

एमडी आर्कि. वैभव पटेल ने बताया कि संस्थान विद्यार्थियों से मशरूम उत्पादन को बाजार रेट पर खरीदकर कैश मनी देगा या फीस में एडजस्ट करने की सुविधा प्रदान करेगा। साथ ही, संस्थान टेक्निकल सपोर्ट निशुल्क उपलब्ध कराएगा।

कार्यक्रम के संयोजक डॉ. अर्पणा कटियार (बायोटेक विभागाध्यक्ष) और सह संयोजक सुनील कुमार (कृषि विज्ञान विभाग इंचार्ज) रहे। चीफ प्रॉक्टर अंकुर टंडन, एकेडमिक एडवाइजर अमरीश कुमार, विभागाध्यक्ष और स्टाफ भी मौजूद रहे।

21/01/2026

अमरीश कुमार
कोऑर्डिनेटर
उन्नत भारत अभियान
जेपीएम पीजी कॉलेज, बरेली
20.01.2026

Academic Cordinator
Jamuna Prasad Memorial College
Nainital Road Bareilly


8899484668, 9149232322


Bhair-pura Khajuria, Nainital Road, Bareilly, (U.P.)

City Heart Enclave, Opposite Model Town
Main Gate, Bareilly (UP)

https://jpmc.ac.in
https://www.facebook.com/jpmbly/
https://www.instagram.com/jpmcollegebly/


Scanned with OKEN Scanner




Academic Cordinator
Jamuna Prasad Memorial College
Nainital Road Bareilly

Scanned with OKEN Scanner







Academic Cordinator
Jamuna Prasad Memorial College
Nainital Road Bareilly

Scanned with OKEN Scanner

# जेपीएम कॉलेज में आयस्टर मशरूम से आत्मनिर्भरता का मंत्र

## तीन दिवसीय कार्यशाला में छात्रों को मिला 'लर्निंग विद अर्निंग' का लाइव प्रशिक्षण

गंभीर न्यूज संवाददाता

बरेली। जेपीएम पीजी कॉलेज में बीएससी एग्रीकल्चर और बीएससी बायोटेक्नोलॉजी विभाग के संयुक्त तत्वावधान मे आयस्टर मशरूम पालन पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का सीधा उद्देश्य साफ था, छात्रों को नौकरी का मोहताज नहीं, रोजगार का सृजनकर्ता बनाना।

एमजेपी रोहिलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह की प्रेरणा से आयोजित इस कार्यक्रम में डॉ. विजय सिनहाल (एसोसिएट प्रोफेसर, प्लांट साइंस) ने विद्यार्थियों को लाइव डेमोंस्ट्रेशन के जरिए मशरूम बैग तैयार करने बीज (सीड) निर्माण, देखभाल, सावधानियां और कम लागत मे अधिक मुनाफे की व्यावहारिक तकनीकें सिखाई। छात्रों ने प्रत्यक्ष प्रशिक्षण के माध्यम से मशरूम उत्पादन की बारीकियां समझीं।

संस्थान के निदेशक डॉ. मनोज काण्डपाल ने कहा कि आयस्टर मशरूम खेती आज के समय की जरूरत है और जेपीएम के छात्र पढ़ाई के साथ कमाई कर स्वावलंबन की मिसाल बनेंगे।

वहीं एमडी आर्कि. वैभव पटेल ने बड़ा एलान करते हुए बताया कि संस्थान छात्रों से उत्पादित मशरूम को बाजार दर पर खरीदेगा, कैश भुगतान या फीस समायोजन की सुविधा देगा, साथ ही निःशुल्क तकनीकी सहयोग भी उपलब्ध कराया जाएगा।

कार्यक्रम के संयोजक डॉ. अर्पणा कटियार और सह-संयोजक सुनील कुमार रहे। इस मौके पर चीफ प्रॉक्टर अंकुर टंडन, एकेडमिक एडवाइजर अमरीश कुमार, विभागाध्यक्ष एवं स्टाफ मौजूद रहा।







जेपीएम पीजी कॉलेज में हुई कार्यशाला का आयोजन किया गया ।

# आयस्टर मशरूम उत्पादन पर कार्यशाला हुई

बरेली। जेपीएम पीजी कॉलेज में बीएससी एग्रीकल्चर एवं बीएससी बायोटेक्नोलॉजी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयस्टर मशरूम उत्पादन विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय प्लांट साइंस के डॉ. विजय सिन्हाल ने विद्यार्थियों को लाइव डेमोंस्ट्रेशन दिया। संस्थान के निदेशक डॉ. मनोज कांडपाल और एमडी आर्किटेक्ट वैभव पटेल ने बताया कि संस्थान विद्यार्थियों से मशरूम उत्पादन को बाजार रेट पर खरीदकर कैश मनी देगा या फीस मे एडजस्ट करने की सुविधा प्रदान करेगा। साथ ही, संस्थान टेक्निकल सपोर्ट निशुल्क उपलब्ध कराएगा। संयोजक डॉ. अर्पणा कटियार, सह संयोजक सुनील कुमार, चीफ प्रॉक्टर अंकुर टंडन, एकेडमिक एडवाइजर अमरीश कुमार आदि रहे।

Academic Cordinator
Jamuna Prasad Memorial College
Nainital Road Bareilly

Scanned with OKEN Scanner